श्री मो0 मुर्शिद आलम, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं०-18/2/222 का उतर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि अररिया जिलांतर्गत जोकीहाट प्रखंड के भगवानपुर ग्राम पंचायत के सतबीता ग्राम के निकट बकरा नदी तथा केसरा ग्राम पंचायत के थाकी ग्राम के निकट कनकई नदी द्वारा कटाव किया जा रहा है, जिसमें उक्त दोनों ग्रामों के सैकड़ों परिवार के घर नदी में विलीन हो गए हैं जिसके कारण उक्त ग्रामों के नदी से निकटवर्ती आबादी को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां तो सरकार कब तक उक्त दोनों स्थलों पर नदी के कटाव से बचाने हेतु कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि अररिया जिला के जोकीहाट प्रखंड अन्तर्गत कनकई नदी के तट पर अवस्थित केसरा पंचायत के थाकी ग्राम के समीप कटाव निरोधक कार्य कराया जा रहा है, जिसे 15.05.2026 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित है। भगवानपुर पंचायत के प्रश्नगत सत्तभिट्टा ग्राम बकरा नदी के तट पर अवस्थित है। इस स्थल के समीप बाढ़ 2025 के दौरान कटाव नही हुआ है तथा स्थल वर्तमान में सुरक्षित है। बाढ़ अवधि 2026 में प्रश्नगत स्थल के समीप कटाव होने पर आवश्यकतानुसार बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल सुरक्षित रखा जायेगा। प्रश्नगत दोनों ग्रामों के सैकड़ों परिवार के घर नदी में विलीन होने की सूचना प्राप्त नहीं है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–25 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 222 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–25 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–25 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–25 / 2026– 1249 पटना, दिनांक– 17/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
16.03.26